उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती (सामान्य चयन)-2016

FREQUENTLY ASKED QUESTIONS

प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न

कौन नागरिक आवेदन कर सकता है ?

भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थीः-

(क) भारत का नागरिक हो या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी निवास करने के अभिप्राय से पहली जनवरी 1962 के पूर्व भारत आया हो या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान म्यॉमार श्रीलंका या केनिया यूगांडा और यूनाईटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जांजीबार) के किसी पूर्वी अफ्रीकी देश से प्रवजन किया हो।

FOR DETAILS PLEASE REFER TO DETAILED ADVERTISEMENT

न्यूनतम व अधिकतम आयु एवं आयु में छूट क्या है ?

अभ्यर्थी ने 01 जुलाई 2016 को 18 वर्ष की न्यूनतम आयु अवश्य प्राप्त कर ली हो और 28 वर्ष की अधिकतम आयु प्राप्त न की हो अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई, 1988 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 1998 के बाद का नहीं होना चाहिये।

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाये, अभ्यर्थियों की दशा में (केवल उ0प्र0 के मूल निवासी)उच्च्तर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी निर्दिष्ट की जाये।

1- अनुसूचित जाति 05 वर्ष

2- अनुसचित जनजाति -05 वर्ष

3- अन्य पिछड़ा वर्ग- 05 वर्ष

4- भूतपूर्व सैनिक- 03 वर्ष (भूतपर्वू सैनिकों की आयु सेना में की गई सेवा अवधि को उनकी वास्तविक आयु से घटाने पर, निर्धारित आयु सीमा से 03 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

5- राज्याधीन सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी - 05 वर्ष

For Details Please Refer To Detailed Advertisement

यदि विभिन्न श्रेणी में आने के कारण आयु सीमा में छूट की पात्रता हैए तो क्या सभी श्रेणियों की छूट का संचयी लाभ अनुमन्य है ?

नहीं । अधिकतम आयु सीमा में ऐसे अभ्यर्थियों को केवल उसी श्रेणी के आधार पर आयु सीमा में छूट दी जायेगी, जिसमें उन्हें अधिकतम आयु सीमा में छूट की अनुमन्यता है ।

उत्तर प्रदेश का मूल निवासी नहीं हूँ , क्या मुझे आरक्षण का लाभ मिलेगा ?

आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों (**Domicile Of UP)** के लिये अनुमन्य है । अन्य अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं ।

आवेदन करने से पूर्व क्या तैयारी करें ?

आवेदन करते समय अपनी शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्र , आरक्षण के दावे के समर्थन में प्रमाण पत्र , उत्तर प्रदेश का मूल निवासी (**Domicile Of UP)** होने का प्रमाण पत्र अपने साथ रखें ।

ओ0बी0सी0; (नॉन क्रीमीलेयर) का प्रमाण पत्र किस अवधि का निर्गत होना चाहिये ?

यह प्रमाण पत्र दिनांक **01-04-2015** से आवेदन करने की अन्तिम तिथि **04-04-2016** तक विज्ञप्ति में दियेगये प्रारूप में निर्गत होना चाहिये ।

क्या केन्द्र सरकार की सेवाओं के लिये निर्धारित श्रेणी प्रमाण पत्र अनुमन्य है ?

नहीं । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित एवं विज्ञप्ति में दियेगये प्रारूप में निर्गत प्रमाण पत्र ही अनुमन्य है ।

आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क क्या है ?

इस भर्ती प्रक्रिया के लिये आवेदन शुल्क रू0 400/- (रूपये चार सौ मात्र) निर्धारित है । इस शुल्क में किसी अभ्यर्थी को कोई छूट नहीं है ।

आवेदन शुल्क कैसे जमा किया जायेगा तथा बैंक में नगद शुल्क जमा किये जाने की क्या प्रक्रिया है ?

अभ्यर्थी अपने आवेदन शुल्क (रू0-400/-) का भुगतान ऑनलाइन अथवा चालान मोड के विकल्प से कर सकते हैं।

(क) ऑनलाइन आवेदन शुल्क अभ्यर्थी प्रदर्शित बैंक के डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर सकते हैं ।

(ख) ई-चालान के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा करने हेतु अभ्यर्थी को भारतीय स्टेट बैंक की प्रदर्शित वेबसाइट से चालान डाउनलोड कर भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी शाखा में नकद रूप से जमा कर सकते हैं ।

न्यूनतम् शैक्षिक अर्हता क्या है ?

अभ्यर्थी को निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता धारित करना आवश्यक है:-

1.1 मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट परीक्षा भौतिक शास्त्र और गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं

1.2 भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एक्रीडेटेड इन कम्प्यूटर एण्ड कम्यूनिकेशन (DOEACC)/नाइलिट **(NIELIT)** विभाग से कम्प्यूटर में "ओ" लेवेल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

या

2. प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से कम्प्यूटर अभियंत्रण सूचना प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण में डिप्लोमा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।

नोट: निम्नलिखित योग्यता डिप्लोमा के equivalent मनी जाएँगी:

- **B.Tech. in Electronics Engineering.**
- **B.Tech. in Information Technology**
- **B.Tech. in Computer Engineering**

नोट: DIPLOMA चयन करने वाले अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट का विवरण देने की आवश्यकता नही है|

FOR DETAILS PLEASE REFER TO DETAILED ADVERTISEMENT

क्या उन अभ्यर्थी को जिनकी शैक्षिक योग्यता की मार्कशीट अभी तक उनको नहीं प्राप्त हुयी है वह आवेदन कर सकते हैं ?

ऐसे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, पर आवेदन की अन्तिम तिथि 04.04.2016 तक उनके पास अपने शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र होना चाहिये ।

क्या आवेदन पत्र पर भरी गई सूचना परिवर्तित की जा सकती है ?

फीस भुगतान करते समय भरी गयी सूचनाओं को आवेदन के दौरान संशोधित नही किया जा सकता, परन्तु अन्य सभी सूचनाओ को SUBMIT करने से पूर्व संशोधित किया जा सकता है।

"सबमिट एप्लीकेशन फार्म" करते समय फोटो अपलोड नहीं हो रहा है ?

फोटो फाइल(*.jpe,*.jpeg,*.jpg)प्रारूप में होनी चाहिये, जिसका न्यूनतम आकार 20 केबी से अधिक होना चाहिये तथा अधिकतम आकार 50 केबी से कम होना चाहिये ।

आवेदन पत्र तथा अन्य अभिलेख भेजने हेतु पत्राचार का पता क्या है ?

आवेदन पत्र तथा अन्य अभिलेखों को भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है । ऑन लाइन ही फार्म भरना है एवं सबमिट करना है ।

फार्म में भरी जाने वाली अनिवार्य प्रवृष्टियाँ कौन सी है ?

अनिवार्य प्रविष्टियों के सामने * का चिन्ह लगा है ।

वेबसाइट का क्या नाम है और ऑनलाइन लिंक कहा से प्राप्त होगा ?

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर जाकर **Online Application Form** को **click** करें। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे अतएव अभ्यर्थी आन-लाइन आवेदन ही करें।

महत्वपूर्ण तिथियाँ क्या है ?

विवरण	तिथि
आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	11-03-2016
आवेदन करने की अन्तिम तिथि	04-04-2016
शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	06-04-2016 सायं 05:00 बजे तक

लिखित परीक्षा **कब करायी जायेगी ?**

लिखित परीक्षा की तिथि की सूचना यथासमय अधिसूचित की जायेगी ।

अभ्यर्थी को कैसे ज्ञात होगा कि उसका फार्म सफलतापूर्व जमा हो गया है ?

आवेदन फार्म भरने के पश्चात फीस सबमिशन टैब में ट्रान्जेक्शन आई०डी स्वत: आने के पश्चात ही अभ्यर्थी का फार्म सफलतापूर्वक प्रविष्ट माना जायेगातथा अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह भविष्य के लिये ओवदन शुल्क बैंक में नगद भुगतान करते समय मिली हुयी रसीद तथा आवेदन पत्र भरने के पश्चात फार्म का प्रिंट अपने पास सुरक्षित रखे ।

प्रवेश पत्र कैसे प्राप्त होंगे ?

अभ्यर्थी वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।

	शंकाओं के समाधान/सहायता हेतु कहाँ सम्पर्क करें ?
	कृपया हेल्प डेस्क संबंधी सूचना में जाकर दिये गये टोल फ्री नं0 18002090216 पर संपर्क करें।